आकाशवाणी भोपाल

**शाम के समाचार**

दिनांक 05.10.2023 समय: 7.10 PM

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री ने जबलपुर में कहा-'न गरीबों का पैसा लूटने दूंगा और न ही कांग्रेस के नेताओं को तिजोरी भरने दूंगा।'
- प्रदेश सरकार ने वन विभाग को छोड़कर बाकी भर्तियों में महिलाओं को 35 फीसदी आरक्षण देने की अधिसूचना जारी की.
- मुख्यमंत्री ने प्रदेश के 72 लाख किसानों के लिए किसान सम्मान निधि के रूप में जारी किये 1 हजार 561 करोड रूपये ।
- भारत अब तक 21 स्वर्ण सहित कुल 86 पदक जीतकर एशियाई खेलों में चौथे स्थान पर ।

**प्रधानमंत्री जबलपुर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज जबलपुर में वीरांगना रानी दुर्गावती स्मारक एवं उद्यान का भूमि पूजन किया. उन्होंने 12 हजार 600 करोड़ से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण भी किया।
श्री मोदी ने रानी दुर्गावती की स्मृति में डाक टिकट भी जारी किया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में श्री मोदी ने कहा कि आज मध्य प्रदेश ऐसे मुहाने पर खड़ा है जहां विकास की गति अगर रुकी तो तबाही हो सकती है ।

प्रधानमंत्री ने कहा कि 'ना गरीबों का पैसा लूटने दूंगा और ना ही कांग्रेस के नेताओं की तिजोरी भरने दूंगा ।' उन्होंने कहा कि हमने जनधन, आधार और मोबाइल की ऐसी त्रिशक्ति बनाई कि कांग्रेस का भ्रष्ट तंत्र तहस नहस हो गया। आज गरीबों का पैसा गरीबों के हित में लग रहा।

सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि आजमन आनंद से भरा हुआ है। गोंडवाना की रानी, भारत के स्वाभिमान का प्रतीक और धर्म की रक्षक रानी दुर्गावती जी के स्मारक का भूमिपूजन हो रहा है. उन्होंने भाजपा सरकार की उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला. प्रधानमंत्री रोड शो के साथ मंच तक पहुंचे। इस दौरान उनके साथ मुख्यमंत्री और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा भी थे ।

**महिला आरक्षण**

प्रदेश सरकार ने वन विभाग को छोड़कर बाकी भर्तियों में महिलाओं को 35फीसदी आरक्षण देने की अधिसूचना जारी कर दी है. सरकार ने राज्य में महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने के लिए मध्य प्रदेश सिविल सेवा (महिलाओं की नियुक्ति के लिए विशेष प्रावधान) नियम, 1997में संशोधन किया है।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हाल ही में घोषणा की कि पुलिस और अन्य सरकारी नौकरियों में 35 प्रतिशत रिक्तियां महिलाओं द्वारा भरी जाएंगी। गौरतलब है कि मध्य प्रदेश पंचायतों और शहरी निकायों के चुनावों में महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण लागू करने वाला पहला राज्य था। महिलाओं को संपत्ति के पंजीयन में भी रियायत मिलती है. प्रदेश में कुल 5करोड़ 6० लाख मतदाताओं में से 2 करोड़ 72 लाख महिला मतदाता हैं.

**दतिया पशु विज्ञान महाविद्यालय**

केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने आज दतिया के नौनेर में पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान महाविद्यालय तथा मत्स्यकी महाविद्यालय का उद्घाटन किया. इस अवसर पर प्रदेश के गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा , भी मौजूद थे. यह भवन करीब 350 करोड़ रुपये में बना है.

इस मौके पर केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि कहा किसानों को अब अनुदान पर कृषि कार्य के लिए ड्रोंन मिलेगें । वहीँ, डॉ नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि बुन्देलखण्ड क्षैत्र के किसानों के लिए यह बडी सौगात है और इससे किसानों के लिए रोजगार के अवसर बढेगें और कृषि की नई नई तकनीक सीखने को मिलेगी ।

**खुरई इन्वेस्टर्स मीट-2023**

सागर जिले के खुरई में आयोजित निवेशोत्सव "खुरई इन्वेस्टर्स मीट-2023"में आज कुल 2 हजार  करोड़ की विभिन्न औद्योगिक इकाइयों के एमओयू साइन होने के साथ ही यहां बड़े निवेश और रोजगार का सिलसिला प्रारंभ हो गया। इस निवेश से 5 हजार लोगों को प्रत्यक्ष और 50 हजार लोगों को अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह ने समिट में शामिल होने आए उद्योगपतियों के समक्ष खुरई विधानसभा क्षेत्र की बुनियादी संरचना के बारे में बताते हुए शासन प्रशासन की ओर से तथा व्यक्तिगत रूप से सुविधा और सुरक्षा की पूरी गारंटी ली।

**मुख्यमंत्री सतना**

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सतना में आयोजित किसान सम्मेलन में कहा कि सतना के साथ साथ पूरे प्रदेश में जैसा विकास हमारी सरकार ने किया है वैसा विकास किसी ने नहीं किया । किसानों को सिंचाई तथा अन्य सुविधायें देकर खेती को लाभ का धंधा बनाया गया है। मुख्यमंत्री ने आज किसान सम्मेलन में 1 हजार 117 करोड़ के निर्माण कार्यों का लोकार्पण तथा शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के 72 लाख किसानों को किसान सम्मान निधि के रूप में 1 हजार 561 करोड रूपये की राशि जारी की। मुख्यमंत्री ने सतना में वेंकटेश लोक का लोकार्पण भी किया। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के 30 लाख किसानों को फसल बीमा योजना के 1 हजार 58 करोड़ रूपये की दावा राशि भी प्रदान की । मुख्यमंत्री ने भूमिहीन 4 लाख 30 हजार से अधिक परिवारों को भू-अधिकार पत्र प्रदान किये।

**एशियाई खेल**

चीन में हांगचोओ एशियाई खेलों के 12वें दिन भारत ने अब तक तीन स्वर्ण, एक रजत और **एक कांस्य पदक जीता। तीरंदाजी** में कंपाउंड पुरुष टीम स्पर्धा में भारत को स्वर्ण पदक मिला है। महिला कंपाउंड स्पर्धा में भी भारतीय तिकड़ी ने चीनी ताइपे को हराकर स्वर्ण पदक जीता। स्क्वॉश मिक्स्ड डबल्स फाइनल में दीपिका पल्लीकल और हरिन्दर पाल सिंह संधू की जोड़ी ने भारत को स्वर्ण पदक दिलाया। भारत अब तक 21 स्वर्ण, 32 रजत और33 कांस्य सहित कुल 86 पदक जीतकर चौथे स्थान पर है।

**समाचार संक्षेप**

1. केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने श्योपुर के नवीन रेलवे स्टेशन निर्माण कार्य का शिलान्यास करते हुए कहा कि बर्धा में बनने वाला श्योपुर का रेलवे स्टेशन हेरीटेज लुक में सर्वसुविधा युक्त बनेगा।

2. मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना की पात्र महिलाओं को 450 रुपए में गैस रिफिल कराने के नियम में बदलाव किया गया है। अब पति के नाम से गैस कनेक्शन होने पर भी इस योजना का लाभ लाडली बहना को दिया जा रहा है। **शहडोल** में इसके लिए पंजीयन का काम शुरू हो गया है।

3. आगरमालवा में पुरानी कृषि उपज मंडी में आज् किसान सम्मेलन मे कृषकों के बीच ईवीएम मशीन का प्रदर्शन किया गया ।

4. अनूपपुर जिले के सभी मतदान केन्द्रो में मूलभूत बुनियादी सुविधाओ के लिए चिन्हित कार्यों की पूर्णता के संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष वशिष्ठ द्वारा विस्तृत समीक्षा की गई.

5. छिंदवाड़ा जिले में विधानसभा चुनावों के तहत संपत्ति विरुपण की कार्रवाई के लिए नगर निगम आयुक्त द्वारा 25 अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है।

6. खण्डवा के श्री नीलकंठेश्वर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कल से दो दिवसीय युवा उत्सव का आगाज होगा।

7. देवास जिले में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं और 5 साल तक के बच्चों का टीकाकरण किया जा रहा।

8. नीमच जिले की तहसील जीरन के ग्राम चीताखेड़ा के पास एक ही समाज के दो गुटों में झगड़े के दौरान एक गुट के व्यक्ति द्वारा कार चढ़ा देने से दो लोगों की मौत हो गई और दो गंभीर घायल हो गए।

----------------------